SNSRKS, College

Topic: Treatment of Allergy

Subject : Home science

B.A.Part 1(Hons)

Class conducted by:

Dr.Bandana kumari

(Guest lecturer)

Dept.of home science

S.N.S.R.K.S. College

एलर्जी का का उपचार कैसे किया जाता है?

स्किन एलर्जी

त्वचा की एलर्जी में खुजली और हल्की लालिमा के हल्के लक्षणों से लेकर फोड़े या फफोले जैसे गंभीर एलर्जी के लक्षण हो सकते हैं। एलर्जिक पदार्थों के संपर्क में आने के बाद चकत्ते 3 घंटों से कुछ दिनों के भीतर उभर सकते हैं, तो 3 हफ्तों तक रह सकते हैं।

अगर आप संपर्क में आ चुके हैं, तो निम्न बातों का ध्यान रखें

- शरीर के अन्य भागों को ना छूएं, खासकर चेहरे को
- प्रभावित जगह को कम से कम 10 मिनट तक साबुन और पानी के साथ धोएं

- संपर्क में आने पर जल्दी से एक बार नहां लें
- खुजली मे आराम करने के लिए कैलामाइन या एंटी-इचिंग लोशन त्वचा पर दिन में 3 से 4 बार लगाएं।
- सूजन और जलन से पीड़ित जगहों को हाइड्रोकोर्टिज़ोन (hydrocortisone) क्रीम लगाएं।
- अपने कपड़ों और जूतों को हर रोज गर्म पानी से धोएं।

कीट आदि के काटने से एलर्जी होने पर:

ज्यादा लोगों को किसी कीट द्वारा काटे जाने पर उनकी त्वचा प्रतिक्रिया करने लगती है, लेकिन ज्यादा गंभीर स्थिति तब होती है जब कीट उस व्यक्ति के लिए एलर्जिक साबित हो जाए।

कीट द्वारा काटे जाने से होने वाली एलर्जी का इलाज:

- कीट के काटे जाने के बाद उस जगह को साबुन के साथ अच्छे से धोएं और उस पर एंटीसेप्टिक दवा लगाएं।
- उस जगह पर कैलामाइन लोशन या हाइड्रोकोर्टिज़ोन क्रीम लगाएं और उसे पट्टी के साथ ढक कर रखें।
- अगर जगह पर सूजन आ रही है, तो वहां पर बर्फ को किसी कपड़े में लपेट कर लगाएं।
- खुजली, सूजन और जलन को कम करने के लिए एंटिहिस्टामिन दवा लें।

ड्रग आदि से होने वाली एलर्जी का इलाज

अगर किसी व्यक्ति को किसी दवा से एलर्जी हो तो ज्यादातर मामलों में डॉक्टर उनको लिए वैकल्पिक दवाएं लिख देते हैं।

दवाएं

कई प्रकार की एंटी-एलर्जी दवाएं होती हैं, दवा को चुनना तथा उसको देने का तरीका पूरी तरह से एलर्जी की प्रतिक्रिया और गंभीरता पर निर्भर करता है।

धूल के कणों या पशुओं के बालों और पराग्ज-ज्वर (hay fever) जैसे एलर्जिक पदार्थों से लंबे समय तक राहत के लिए डॉक्टर निम्न दवाओं का सुझाव देते हैं।

- लंबे समय तक काम करने वाली एंटिहिस्टामिन ,जैसे कि सिटीरीजिन (cetirizine) ये दवाएं बिना नींद लाए लक्षणों को कम कर देती है। ये दवाएं 1 दिन में एक बार ही ली जा सकती है जो 24 घंटे तक असर करती है।

- मोंटेल्यूकास्ट (Montelukast) सोडियम इस प्रकार की दवाएं हैं, जो अस्थमा जैसे लक्षणों से राहत दिलाती हैं।
- नेजल कोर्टिकोस्टेरॉयड स्प्रे का इस्तेमाल उन लक्षणों के लिए किया जाता है, जो एंटिहिस्टामिन दवाओं से ठीक नहीं हो पाते। ये दवाएं बहुत अच्छे से काम करती हैं, और काफी सुरक्षित भी हैं, इनका कोई साइड इफेक्ट नहीं है।

जब भी एलर्जी की गंभीर प्रतिक्रिया हो, तो एंबूलेंस को कॉल करें या डॉक्टर के पास तुरंत जाने की कोशिश करें।